कक्षा – X अध्याय –20 सड़क सुरक्षा शिक्षा विज्ञान
( 20. Road Safety Education)

**प्रश्नः– वाहन चालकों पर शराब(एल्कोहॉल) सेवन के दुष्प्रभाव बताइये। *या* शराब(एल्कोहॉल) सेवन वाहन चालक की क्षमता कैसे प्रभावित करता है?**
उ.– अत्यधिक एल्कोहॉल सेवन से सबसे ज्यादा मस्तिष्क प्रभावित होता है।
–शराब व्यक्ति की मानसिक क्रिया को मंद करता है।
– यह शारीरिक नियंत्रण को कम करता है।
– यह गति व दूरी सम्बंधी निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है।
– शराब से दृष्टि बाधित होने से दुर्घटनाएं बढ़ती है।

**प्रश्नः– BAC क्या है? रक्त में एल्कोहॉल की क्या सीमा निर्धारित की गई है?**
उ.– **BAC- Blood Alcohol Concentration** –
**रक्त में एल्कोहॉल की सान्द्रता।**
**– प्रत्येक 100 ml रक्त में 30 mg से कम एल्कोहॉल होना चाहिए।**

**प्रश्न– मोटर व्हीकल एक्ट–185 का वर्णन कीजिए।**
उ.– मोटर व्हीकल एक्ट–185 के शराब पीकर वाहन चलाने पर सजा का प्रावधान है।
– शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइवर को **2000 रू. का जुर्माना या 6 माह** की सजा हो सकती है।
– 3 वर्ष के भीतर दोबार ऐसा करने पर **3000 रू. का जुर्माना या 2 वर्ष** की सजा का प्रावधान है।

**प्रश्नः– श्वसन विश्लेषक यंत्र क्या है।**
उ.– इस यंत्र की सहायता से रक्त में एल्कोहॉल की सान्द्रता BAC ज्ञात की जाती है।

**प्र.– कोहरे में प्रयुक्त लैम्प में किस तरह के बल्ब काम में लेते है?**
उ.– कोहरे में प्रयुक्त लैम्प (Fog lamp) में **LED** बल्ब व **Xenon** बल्ब का प्रयोग करते है।

**प्रश्नः– कोहरे के दौरान हैडलाइट पर पीला कागज क्यो चिपकाना चाहिए ? *या* कोहरे के दौरान पीले रंग का कागज ड्राइविंग में किस तरह मदद करता है।**
उ0– पीले रंग का कागज नीले रंग को अधिक प्रकीर्णित (फैला) कर देता है। जिससे यह तीव्रता से चारो और फैल जाता है और ड्राइवर को साफ दिखाई देने लगता है।

**प्रश्न– घने कोहरे में ड्राइविंग करते समय वाहन चालक को क्या सावधानियां रखनी चाहिए।**
उ0– वाहन की हैडलाइट पर पीला कागज सेलोटेप से चिपकाना चाहिए।
– कम दृश्यता में कोहरा प्रकाशक और डिपर का प्रयोग करना चाहिए।
– वाहन की धीरे चलाना चाहिए।
– वाहन की विंड स्क्रीन साफ रखनी चाहिए।

**प्रश्नः– ड्राइविंग के दौरान सेलफोन के प्रयोग पर कानूनी प्रतिबंध क्यों है?**
उ0– ड्राइविंग के समय बात करने से ड्राइवर का ध्यान दूसरी ओर चला जाता है, जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ जाती है।

**प्रश्नः– ड्राइविंग के दौरान सेलफोन के प्रयोग करने पर दण्ड का क्या प्रावधान है?**
उ0– मोटर व्हीकल एक्ट–184 के अनुसार ड्राइविंग के दौरान सेलफोन के प्रयोग करने पर **6 माह की कैद या 1000 रू.** जुर्माने का प्रावधान है।

**प्रश्न– 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन में यात्रा करतें समय क्या शिक्षा देनी चाहिए?**
उ0– पिछली सीट पर अकेला न बिठायें।
– बच्चों को वाहन चालक के पास वाली सीट पर सीट बैल्ट बांध कर बैठाना चाहिए।
– शरीर का कोई भी अंग वाहन से बाहर न निकालें।
– अन्य सदस्य को बच्चों के पास बिठाना चाहिए।

**प्रश्न– सुनहरा घण्टा (Golden Hour) क्या है?**
उ0– घायल व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल तक पहुँचाने का समय **सुनहरा घण्टा** (Golden Hour) कहलाता है। इस समय में घायल की जिन्दगी बचाई जा सकती है।

**प्रश्न– वाहन की हैड़लाइट में कैसा दर्पण प्रयोग में लेते है?**
उ0– अवतल दर्पण

**प्रश्न– पीछे का दृश्य देखने के लिए कोनसा दर्पण काम में लेते है? और क्यो?**
उ0– पीछे का दृश्य देखने में उत्तल दर्पण काम में लेते है। क्योकीं यह पीछे के बहुत बड़े क्षेत्र को देखने में सहायक है।

**प्रश्न– ड्रइवरों को व्यस्त ट्रेफिक/रात्रि में कैसी तीव्रता वाला प्रकाश पुंज प्रयोग करना चाहिए।**
उ0– कम तीव्रता वाल प्रकाश पुंज।

**प्रश्न– तेज प्रकाश पुंज का प्रयोग कहां ओर क्यों करना चाहिए।**
उ0– राजमार्गों पर तेज प्रकाश पुंज का प्रयोग करना चाहिए, जिससे दूर तक वस्तुओं को ड्राइवर पहले से ही देख सके।

**प्रश्न– ड्राइवर को रात्रि में किस प्रकार का प्रकाश पुंज का प्रयोग करना चाहिए?**
उ0– रात्रि में कम तीव्रता वाले प्रकाश पुंज का प्रयोग करना चाहिए। कम तीव्रता वाला प्रकाश पुंज सामने से आने वाले वाहन चालक की आंखों में चकाचौंध उत्पन्न नहीं करता और उसे आसानी से दिखाई देता है। जबकि तेज प्रकाश पुंज चकाचौंध उत्पन्न करता है।

Rajendra Sr. Teacher

**प्रश्न– आपातकालीन वाहनों के फोन न. बातइए।**
**उ0– स्थानीय पुलिस– 100**
**अग्निशमन– 101**
**एम्बुलेंस– 102**
**मेडिकल, पुलिस व अग्निशमन आपातकालीन सेवा– 108**

**प्रश्न– लम्बे समय तक बैटरी का प्रयोग नहीं किया जाए तो बैटरी डिस्चार्ज क्यो हो जाती है?**
उ0– लम्बे समय तक बैटरी का प्रयोग नहीं करने पर उसके विधुतअपघट्य व पानी हाइड्रोजन गैस बनकर उड़ जाते है। जिससे विधुतअपघट्य, प्लेटों पर जम जाता है और जंग लग जाता है। जिससे बैटरी निरावेशित हो जाती है और काम करना बंद कर देती है।

**प्रश्न– बैटरी में कोनसी विधुत धारा प्रयुक्त होती है? बैटरी के कार्य लिखिए। बैटरी को अधिक समय तक चलाने के लिए क्या सावधानियां रखनी चाहिए।**
उ0– बैटरी में ***दिष्ट धारा (DC)*** का प्रयोग होता है।
**कार्य–** मोटर स्टार्ट करने मे, हॉर्न बजाने, बल्ब जलाने आदि में काम आती है।
**सावधानियां–** उचित समय पर पानी डालते रहना चाहिए।
– बैटरी को लागातार रूप से प्रयोग करना चाहिए।
– बैटरी की साफ– सफाई करते रहना चाहिए।

**प्रश्न– सड़क दुर्घटना के सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट के क्या निर्देश है?**
उ0– 1. सुप्रीम कोर्ट एक्ट–1989 के अनुसार जीवन रक्षा के लिए कोई कानून बाधा नही पहुचाएगा।
2. कोई भी व्यक्ति दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा सकता है।
3. पुलिस आपसे कोई प्रश्न नही करेगी।
4. डॉक्टर घायल व्यक्ति का तुरन्त इलाज कर सकेगें।

**प्रश्न– ड्राइविंग लाइसेंस बनाते समय आंखो सम्बन्धी किन बातों का ध्यान रखा जाता है?**
उ0– रतौंधी व मोतियाबिंद ना हो।
– वाहन चालक को रंग–अन्धता ना हो।
– किसी प्रकार नेत्र दोष ना हो।

**प्रश्न– प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स (First Aid box) में क्या–क्या सामान आवश्यक है।**
उ0– रूई, पट्टियाँ, डिटोल, बीटाटिन, कैंची, दर्द निवारक गोलियां।

*नोट :–*

1. दुपहिया वाहन चालकों **हेलमेट** का प्रयोग करना चाहिए।
2. सडक दुर्घटना में **सिर की चोट, रीढ़ की हड्डी की चोट, हड्डी टूटना, अंगो का कटना, जलना** आदि चोटे लग सकती है।
3. **खतरे के निशान लाल रंग के ही बनाये जाते है क्यों की लाल रंग का प्रकीर्णन (फैलना) कम होता है। अतः यह दूर से भी आसनी से दिखादे देने लगता है।**
4. **ओवरटेकिंग–** एक गाड़ी का तेज गति से चलकर दूसरी गाड़ी से आगे निकलना।
5. वाहनों की हैडलाइट में **अवतल दर्पण का प्रयोग कर समान्तर प्रकाश पुंज प्राप्त** किया जाता है।
6. ड्राइवर को **आभासी व सीधा** प्रतिबिम्ब पढ़ने में आसानी होती है।

---



Rajendra Prajapat
Sr. Teacher Of Science
Govt. Girls Secondary School, Lawa
Tonk
Mo. - 9214839257

Rajendra Sr. Teacher